(2) (क) पुष्प सुरबाला के गहनों में गूंथा जाने प्रेमी की माला में बिंधन की सम्राटों के शव पर डाले जाने की, देवों के सिर चढ़ कर भाग्य पर इतराने की चाह नहीं रखता है।

(ख) देवों के सिर चढ़ने से उसे मातृभूमि पर न्यौछावर होने वाले वीरों के पथ में बिछा सौभाग्य लगता है।

(ग) मातृभूमि पर न्यौछावर होने वाले वीरों के पथ में बिछना।

(घ) चीटी, मूर्धा (ङ) शीर्ष- शिखर

पाठ 23 पत्र लेखन

(1) 20, छात्रवास
देशबंधु कॉलेज, दिल्ली
10 जून, 20.....
पूज्य पिता जी
सादर चरण-स्पर्श
आप सपरिवार कुशल होंगे। कल ही मेरा वार्षिक परीक्षा फल आया है। मैं उत्तीर्ण तो हो गया हूँ परंतु मेरे अंक गणित और विज्ञान विषयों में कम आए हैं मैंने अपनी ओर से तो पूरा प्रयत्न किया था लेकिन ये विषय कुछ कठिन हैं। दूसरा परीक्षा से कुछ दिन पहले मुझे ज्वर हो गया था। इस कारण भी परीक्षा फल पर बुरा प्रभाव पड़ा। पिता जी, मैं इसके लिए आप से क्षमा याचना करता हूँ। मैं आपको विश्वास दिलाता हूँ कि अगला परीक्षा परिणाम बहुत अच्छा होगा। मैं आरंभ से ही ध्यान से पढ़ूँगा मैं निरंतर अभ्यास भी करूँगा। आशा है इस बार आप मुझे क्षमा कर देंगे। घर में सबको मेरा प्रणाम और अंकित को प्यार।
आपका पुत्र
राजीव

(ख) देवेंद्र कुमार,
संत नगर, करोल बाग
नई दिल्ली
दिनांक- 10-03-20....
महाप्रबंधक महोदय,
दिल्ली विद्युत बोर्ड
दिल्ली।
विषय:- बार-बार बिजली के चले जाने का संकट।
महोदय,
इस पत्र के माध्यम से मैं आपका ध्यान दिल्ली के संतनगर, करोल बाग में बिजली के बार-बार चले जाने और इससे इस क्षेत्र के निवासियों को होने वाली असुविधाओं की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ। महोदय, संतनगर क्षेत्र में पिछले लगातार दो-तीन महीनों से बिजली की आँख-मिचौली का खेल चल रहा है। बिजली आती है और चली जाती है। जब आती भी है तो उसकी वोल्टेज इतनी कम होती है कि उससे ट्यूबलाइट तक नहीं जल पाती। बार-बार बिजली आने जाने से विद्यार्थी अपनी पढ़ाई पर ध्यान नहीं दे पाते हैं और न ही व्यापारी अपना व्यापार ढंग से कर पाते हैं। बिजली के अभाव में पानी की मोटरो से पानी उपर की मंजिलों तक नहीं पहुँच पाता/बिजली के आने जाने का कोई समय निश्चित नही।
अत: आपसे अनुरोध है कि इस क्षेत्र की समस्या पर व्यक्तिगत रूप से ध्यान दे और इसके निराकरण के लिए आवश्यक कदम शीघ्र उठाएँ।
धन्यवाद।
भवदीय, देवेंद्र कुमार
निवासी संतनगर, करोल बाग। नई दिल्ली।

(ग) सेवा में,

वार्डन महोदय,

छात्रवास,

आर्य समाज कॉलेज, कराले बाग

विषय- छात्र वास की समस्याओं के निराकरण के लिए वार्डन को पत्र।

मान्यवर,

मैं और छात्रवास के मेरे अन्य सहपाठी मिलकर आपसे निवेदन करते हैं कि हमें यहा कुछ समस्याएँ हैं। आप कृपया उनका उचित हल शीघ्र करने का प्रयास करें। सबसे बड़ी समस्या पेयजल की है। गरमी अधिक होने के कारण पानी की खपत अधिक है। जो पानी पीने को मिलता है वह भी पूर्ण रूप से शुद्ध नहीं होता। इससे कोई छात्र बीमार पड़ सकता है। दूसरी समस्या कमरों की सफाई की है। सफाई कर्मचारी नियमित रूप से नहीं आते। यदि आते है तो भी ढंग से सफाई नहीं करता। तीसरी और सबसे मुख्य समस्या भोजन की है। खाने में सब्जी में अधिक मिर्च मसाला का प्रयोग होता है। रोटी आधी कच्ची पक्की होती है। छात्रों को कुछ मिनट देरी से पहुँचने पर खाना नहीं दिया जाता। आशा है आप हमारी समस्याओं पर सोच विचार कर उन्हें दूर करने का शीघ्र प्रयत्न करेगें।

भवदीय,

संदीप और छात्रवास के अन्य छात्र

(घ) 22 बी0 गुलाबी बाग,

नई दिल्ली।

दिनांक- 11.03.20.....

प्रिय रोहित

चिरायु भव

आज मुझे तुम्हारे मित्र मोहित का पत्र मिला। उसने मुझे बताया है कि तुम अपना समय व्यर्थ गँवाते हो। तुम बुरे लड़कों की संगति में दिन भर इधर-उधर भटकते हो और अपनी पढ़ाई पर ध्यान नहीं देते। भाई, समय बहुत मूल्यवान है। इसका प्रत्येक क्षण बहुमूल्य है। जो व्यक्ति समय का सदुपयोग कर लेता है, वह जीवन में सफलता प्राप्त करता है। समय व्यर्थ गँवाने वाला बाद में पछताता है। तुम्हें यह सदा ध्यान रखना चाहिए कि बीता समय कभी वापस नहीं आता। इसलिए आज का काम कल पर मत छोड़ो। समय के हर क्षण का सदुपयोग कर तुम जीवन में उन्नति करोगे।

मेरे पत्र का उत्तर शीघ्र देना। माँ व पिता जी की ओर से तुम्हें ढेर सारा प्यार और आर्शीवाद।

तुम्हारा बड़ा भाई

राहुल

(ङ) बी0-40, रानी बाग,

नई दिल्ली।

प्रिय मित्र

नमस्कार,

तुम्हारा प्रेम भरा पत्र मिला। पढ़कर बहुत प्रसन्नता हुई कि तुम सकुशल हो। आज मैं तुम्हें अपने अध्यापक श्री हरि मोहन के विषय में बताता हूँ। हरि मोहन जी गणित विषय के अध्यापक हैं। उनका पढ़ाने के कारण मेरा गणित विषय में मन लग गया है। इसके अतिरिक्त वह बहुत अच्छे स्वभाव के हैं। इसलिए वह छात्रों में लोकप्रिय हैं। वह गणित विषय में कमजोर छात्रों को अलग समय देते हैं। वह हर सप्ताह हमारा टेस्ट लेते हैं। वह हमारी कमियों को प्रेमपूर्वक समझा देते हैं। उनके पीरियड में प्रत्येक छात्र पूरा ध्यान पढ़ाई।

पर देता है। ईश्वर से मेरी प्रार्थना हैं कि वह उन्हें चिरायु करे ताकि वह छात्रों को उचित मार्गदर्शन करते रहें।

मेरे पत्र का उत्तर शीघ्र देना। तुम्हारे माता-पिता को मेरा प्रणाम और बहन अंशु को प्यार।

तुम्हारा अभिन्न मित्र,

धीरज

(1) (क) **आप भले तो जग भला**– किसी भी व्यक्ति का व्यवहार और स्वभाव सबसे महत्वपूर्ण है। वह जैसा व्यवहार दूसरों के साथ करता हैं वे लोग भी उसके साथ वैसा ही व्यवहार करते हैं। बुरा व्यक्ति अन्य लोगों से बुरा व्यवहार करता है। इसलिए दूसरे लोग भी उसके साथ वैसा ही व्यवहार करते हैं। यदि हम किसी को सुख पहुँचाते हैं तो दूसरा हमारे साथ अच्छा व्यवहार करता है। किसी को कष्ट या पीड़ा देंगे तो वह भी हमसे बदला लेगा। इसलिए सच ही कहा हैं– आप भले तो जग भला। व्यक्ति को सदा प्रयास करना चाहिए–कर भला तो हो भला।

(ख) दिल्ली भारत की राजधानी है। यहाँ की सैर का अपना ही महत्व है इसलिए प्रतिदिन सैकंडों लोग देश विदेश से यहाँ आते रहते हैं। दिल्ली में अनेक दर्शनिक स्थल हैं जैसे–लाल किला, जामा मस्जिद, पुराना किला, जंतर–मंतर, राजघाट आदि। दिल्ली के बाज़ारों में चाँदनी चौक, कनॉट प्लेस, करोल बाग आदि प्रमुख हैं। यहाँ पर्यटक अपनी मनपसंद वस्तुएँ खरीद सकते हैं। दिल्ली का चिड़ियाघर अपने आप में अनूठा है। दिल्ली की सैर में मैट्रो रेल का अपना महत्व है। इससे आवागमन सरल हो गया है। व्यक्ति एक स्थान से दूसरे स्थान पर शीघ्र पहुँच जाता है। दिल्ली का राष्ट्रपति भवन, संसद भवन, मुगल गार्डन, चिल्ड्रेन पार्क, लोदी गार्डन, बुद्धा जयंती पार्क आदि भी बहुत खूबसूरत हैं। कनाट प्लेस का पालिका बाजार भी देखने योग्य हैं। यहाँ आप खरीदारी भी कर सकते हैं। दिल्ली में अब तो शॉपिंग कॉम्पलेक्स और मॉल भी बन गए। यहाँ आप खरीदारी व खाने पीने का आनंद उठा सकते हैं। इसलिए जब भी दिल्ली आए, दिल्ली के दर्शनीय स्थल देखें व दिल्ली की सैर अवश्य करें।

(ग) **बिना बुलाया मेहमान**– मेहमान को अतिथि कहा जाता है अर्थात् उसके आने की तिथि निश्चित नहीं हैं। अंग्रेजी में एक कहावत है कि बिना बुलाये मेहमान का कभी स्वागत नहीं होता। उससे हर कोई पिंड छुड़ाना चाहता है। यदि मेहमान लंबे समय तक रह जाए तो मेंजबान उससे छूटकारा पाना चाहता है। थोड़े समय के लिए तो उसकी आवभगत की जाती है परंतु कुछ दिन बाद वह अपना सम्मान खो देता है। इसलिए मेहमान का कर्तव्य है कि वह मेंजबान पर बोझ न डाले। इससे मेहमान का सम्मान बना रहेगा और कोई पीठ पीछे उसकी निंदा नहीं करेगा मेहमान को यथासंभव प्रयास करना चाहिए कि उसके कारण मेजबान को कोई कष्ट न हो। इससे उनके आपसी रिश्तों में दरार नहीं आएगी और परस्पर सद्भाव बना रहेगा।

(घ) एकता से हम जीवन में उन्नति करते हैं और अलग होने या बिखरने से अवनति। हम देखते हैं कि संयुक्त परिवार में रहने से हमारा जीवन सरल और सुचारू रूप से चलता है। इसके विपरीत एकल परिवार में कई समस्याएँ आती हैं। पूरा देश में एकता से देश फलता फूलता हैं। भारत एक विशाल देश हैं। यहाँ अनेक भाषाओं, खान–पान, रहन–सहन तथा रीतिरिवाज अलग हैं। इतनी विविधताएँ होने के बावजूद भारत में एकता विद्यमान है। विभिन्नताओं में एकता भारतीय संस्कृति की अनुठी विशेषता है। गंगा जैसी पवित्र नदी ने भारत को एकता के सूत्र में बाँध रखा हैं। शरीर की पाँच उँगलियाँ मिल जाएँ तो मुट्ठी बन जाती है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य हैं कि पारिवारिक, समाजिक और राष्ट्रीय एकता को पुष्ट करे।

(ङ) गणतंत्र दिवस हमारा राष्ट्रीय पर्व है। यह प्रतिवर्ष 26 जनवरी को मनाया जाता है। यह पूरे देश में धूमधाम से मनाया जाता है। इस दिन 1950 को स्वतंत्र भारत का नया संविधान लागू हुआ था। गणतंत्र दिवस का जुलूस सुबह 8 बजे इंडिया गेट से शुरू होकर लाल किले तक जाता है। इस दिन भारत के हर प्रांत से लोग इस जलूस को देखने आते हैं, इस जलूस में थल सेना, जल सेना और वायु सेना के जवान हिस्सा लेते हैं, स्कूल के लड़के–लड़कियाँ और एन. सी. सी. के छात्र भी अपना प्रदर्शन करते हैं। भारत के हर प्रांत की खूबसूरत झाँकियाँ जुलूस में चार चाँद लगा देती हैं। कुछ हवाई जहाज तिरंगे झंडे के तीन रंग छोड़ते हैं। शाम के समय सरकारी भवनों, संसद भवन, राष्ट्रपति भवन आदि पर रोशनी की जाती हैं। गणतंत्र दिवस के दिन प्रत्येक कार्यालय, स्कूल और कॉलेज में अवकाश रहता है। भारत में इस दिन का विशेष महत्व है।

(च) **व्यायाम से लाभ**– एक प्रसिद्ध लोकोक्ति है– पहला सुख निरोगी काया। स्वस्थ शरीर मनुष्य–जीवन के लिए वरदान है। इसके लिए व्यायाम की आवश्यकता होती है। व्यायाम करने से शरीर मजबूत होता है। इससे मन स्वस्थ और प्रसन्न रहता है। व्यायाम से शरीर मजबूत होता है व्यायाम से शरीर में चुस्ती स्फूर्ती आती है। शरीर में रक्त का संचालन उचित रूप से होता है। शरीर का हर अंग स्वस्थ और पुष्ट हो जाता है। खेल व्यायाम का एक मनोरंजक रूप हैं। जो आलस्य के कारण व्यायाम से कतराते हैं, वे भी खेलों में पूरी दिलचस्पी दिखाते हैं। हमें सुबह जल्दी उठकर प्रातः भ्रमण के लिए जाना चाहिए। किसी पार्क या खुले स्थान पर व्यायाम करना चाहिए। इससे बीमारियाँ और व्याधियाँ दूर होंगी और शरीर और मन स्वस्थ होंगे।

(छ) **मेरा जीवन लक्ष्य**– एक नाव को यदि यूँ ही सागर में छोड दिया जाए तो वह दिशाहीन हो भटकती रहती है। उसी प्रकार मनुष्य जीवन भी यदि दिशाहीन हो तो वह कहीं भी नहीं पहुँच पाता। अतः हम सबको जीवन में आगे बढ़ने के लिए लक्ष्य होना चाहिए मेरा एक लक्ष्य हैं डॉक्टर बनना। डॉक्टर बनकर मैं धन कमाने के साथ–साथ मानवता के प्रति अपने कर्तव्य की पूर्ति भी कर पाउँगा। डॉक्टर बनने के लिए मुझे बहुत पढ़ना होगा और बहुत पैसे भी खर्च करने होगे। डॉक्टर जब प्रेमपूर्वक और नम्रता से रोगी से बात करता है तो आधी बीमारी तो खुद दूर हो जाती है। मैं चाहता हूँ कि डॉक्टर बनकर कुछ समय उन असहाय, और निर्धन लोगो को अर्पित करूँ जो जीवन में कभी अच्छी चिकित्सा नहीं करा पाते।

(ज) सिनेमा मनोरंजन का साधन है। यह लोगों में बहुत लोकप्रिय है। सिनेमा समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर करने का सबसे अच्छा माध्यम है। यह समाज का पूरा ढाँचा बदलने में समर्थ है। सिनेमा से हमें शिक्षा और जानकारी मिलती है। यह समाज में फैली हुई कुरीतियों को दूर कर सकता है। सिनेमा दहेज प्रथा, बाल विवाह, छुआ छूत, जैसी बुराइयों को दूर करके समाज में हिंदू–मुस्लिम एकता ला सकता हैं जैसे– पुरानी फिल्म 'दोस्ती' में दिखाया गया। लेकिन आजकल का सिनेमा जहर फैला रहा हैं। अधिक धन कमाने के छुड़ाना चाहता है। यदि मेहमान लंबे समय तक रह जाए तो मेंजबान उससे छूटकारा पाना चाहता है। थोड़े समय के लिए तो उसकी आवभगत की जाती है परंतु कुछ दिन बाद वह अपना सम्मान खो देता है। इसलिए मेहमान का कर्तव्य है कि वह मेंजबान पर बोझ न डाले। इससे मेहमान का सम्मान बना रहेगा और कोई पीठ पीछे उसकी निंदा नहीं करेगा मेहमान को यथासंभव प्रयास करना चाहिए कि उसके कारण मेजबान को कोई कष्ट न हो। इससे उनके आपसी रिश्तों में दरार नहीं आएगी और परस्पर सद्भाव बना रहेगा।

(घ) एकता से हम जीवन में उन्नति करते हैं और अलग होने या बिखरने से अवनति। हम देखते हैं कि संयुक्त परिवार में रहने से हमारा जीवन सरल और सुचारू रूप से चलता है। इसके विपरीत एकल परिवार में कई समस्याएँ आती हैं। पूरा देश में एकता से देश फलता फूलता हैं। भारत एक विशाल देश हैं। यहाँ अनेक भाषाओं, खान–पान, रहन–सहन तथा रीतिरिवाज अलग हैं। इतनी विविधताएँ होने के बावजूद भारत में एकता विद्यमान है। विभिन्नताओं में एकता भारतीय संस्कृति की अनुठी विशेषता है। गंगा जैसी पवित्र नदी ने भारत को एकता के सूत्र में बाँध रखा हैं। शरीर की पाँच उँगलियाँ मिल जाएँ तो मुट्ठी बन जाती है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य हैं कि पारिवारिक, समाजिक और राष्ट्रीय एकता को पुष्ट करे।

(ङ) गणतंत्र दिवस हमारा राष्ट्रीय पर्व है। यह प्रतिवर्ष 26 जनवरी को मनाया जाता है। यह पूरे देश में धूमधाम से मनाया जाता है। इस दिन 1950 को स्वतंत्र भारत का नया संविधान लागू हुआ था। गणतंत्र दिवस का जुलूस सुबह 8 बजे इंडिया गेट से शुरू होकर लाल किले तक जाता है। इस दिन भारत के हर प्रांत से लोग इस जलूस को देखने आते हैं, इस जलूस में थल सेना, जल सेना और वायु सेना के जवान हिस्सा लेते हैं, स्कूल के लड़के–लड़कियाँ और एन. सी. सी. के छात्र भी अपना प्रदर्शन करते हैं। भारत के हर प्रांत की खूबसूरत झाँकियाँ जुलूस में चार चाँद लगा देती हैं। कुछ हवाई जहाज तिरंगे झंडे के तीन रंग छोड़ते हैं। शाम के समय सरकारी भवनों, संसद भवन, राष्ट्रपति भवन आदि पर रोशनी की जाती हैं। गणतंत्र दिवस के दिन प्रत्येक कार्यालय, स्कूल और कॉलेज में अवकाश रहता है। भारत में इस दिन का विशेष महत्व है।

(च) **व्यायाम से लाभ**– एक प्रसिद्ध लोकोक्ति है– पहला सुख निरोगी काया। स्वस्थ शरीर मनुष्य–जीवन के लिए वरदान है। इसके लिए व्यायाम की आवश्यकता होती है। व्यायाम करने से शरीर मजबूत होता है।

इससे मन स्वस्थ और प्रसन्न रहता है। व्यायाम से शरीर मजबूत होता है व्यायाम से शरीर में चुस्ती स्फूर्ती आती है। शरीर में रक्त का संचालन उचित रूप से होता है। शरीर का हर अंग स्वस्थ और पुष्ट हो जाता है। खेल व्यायाम का एक मनोरंजक रूप हैं। जो आलस्य के कारण व्यायाम से कतराते हैं, वे भी खेलों में पूरी दिलचस्पी दिखाते हैं। हमें सुबह जल्दी उठकर प्रातः भ्रमण के लिए जाना चाहिए। किसी पार्क या खुले स्थान पर व्यायाम करना चाहिए। इससे बीमारियाँ और व्याधियाँ दूर होंगी और शरीर और मन स्वस्थ होंगे।

(छ) **मेरा जीवन लक्ष्य**- एक नाव को यदि यूँ ही सागर में छोड दिया जाए तो वह दिशाहीन हो भटकती रहती है। उसी प्रकार मनुष्य जीवन भी यदि दिशाहीन हो तो वह कहीं भी नहीं पहुँच पाता। अतः हम सबको जीवन में आगे बढ़ने के लिए लक्ष्य होना चाहिए मेरा एक लक्ष्य हैं डॉक्टर बनना। डॉक्टर बनकर मैं धन कमाने के साथ-साथ मानवता के प्रति अपने कर्तव्य की पूर्ति भी कर पाउँगा। डॉक्टर बनने के लिए मुझे बहुत पढ़ना होगा और बहुत पैसे भी खर्च करने होगे। डॉक्टर जब प्रेमपूर्वक और नम्रता से रोगी से बात करता है तो आधी बीमारी तो खुद दूर हो जाती है। मैं चाहता हूँ कि डॉक्टर बनकर कुछ समय उन असहाय, और निर्धन लोगो को अर्पित करूँ जो जीवन में कभी अच्छी चिकित्सा नहीं करा पाते।

(ज) सिनेमा मनोरंजन का साधन है। यह लोगों में बहुत लोकप्रिय है। सिनेमा समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर करने का सबसे अच्छा माध्यम है। यह समाज का पूरा ढाँचा बदलने में समर्थ है। सिनेमा से हमें शिक्षा और जानकारी मिलती है। यह समाज में फैली हुई कुरीतियों को दूर कर सकता है। सिनेमा दहेज प्रथा, बाल विवाह, छुआ छूत, जैसी बुराइयों को दूर करके समाज में हिंदू-मुस्लिम एकता ला सकता हैं जैसे- पुरानी फिल्म 'दोस्ती' में दिखाया गया। लेकिन आजकल का सिनेमा जहर फैला रहा हैं। अधिक धन कमाने के लिए अश्लील फिल्में बन रही हैं जिससे युवावर्ग के चरित्र का पतन हो रहा हैं। आजकल हर युवक, युवती सिनेमा से प्रभावित हैं। वे अपनी पढ़ाई छोडकर फिल्में देखने में समय बर्बाद कर रहे हैं। इसलिए सरकार को ऐसी फिल्में बंद करनी चाहिए। उन्हें अच्छी और शिक्षाप्रद फिल्में बनाने वालो को प्रोत्साहन देना चाहिए।

(झ) **मेरे जीवन की आकांक्षा**- प्रत्येक व्यक्ति के मन में कुछ बनने की आकांक्षा होती हैं। मेरी तीव्र इच्छा अध्यापक बनने की हैं जिससे मैं समाज में शिक्षा का प्रसार कर सकूँ। मुझे पढ़ाई का बहुत शौक हैं और मैं शुरु से ही कक्षा में प्रथम आ रहा हूँ। अध्यापन एक उच्च स्तर की कला हैं। मैं अध्यापक बनकर विद्यार्थियों को ज्ञान देना और उन्हें चरित्रवान बनाना चाहता हूँ। हमारे प्रथम राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राष्ट्रपति बनने से पहले अध्यापक थे उन्हीं की याद में 5 सिंतबर को अध्यापक दिवस मनाया जाता है। अध्यापक बनकर छात्रों को ज्ञान देने से मेरे मन को शांति और संतुष्टि मिलेगी।

(क) आपदा प्रबंधन

प्रकृति और मनुष्य का अनादि काल से घनिष्ठ संबंध रहा है। इसलिए प्रकृति को मानव की सहचरी कहा गया है। परंतु कभी-कभी प्रकृति कुपित होकर अपना प्रकोप दिखाती रहती हैं जैसे- बाढ़, भूकंप, सुनामी, ज्वालामुखी। इन प्राकृतिक आपदाओं के कारण जान-माल की बहुत हानि होती है। आज भी प्रकृति मनुष्य के नियंत्रण में नही हैं। कुछ समय पहले नेपाल में भूकंप आया जिसमें अनेक लोग मारे गये और लाखों लोग घायल हुए किसी दैवी विपत्ति के आने पर जो उपाय किए जाते हैं, उसी को आपदा प्रबंधन कहा जाता है। इस प्रकार के प्रबंधन आज के युग में अत्यावश्यक हैं क्योंकि इस प्रकार की आपदाएँ प्रायः आती रहती हैं। आपदा प्रबंधन के लिए विशेषज्ञों और अधिकारियों की एक टीम बनाई जाती है जो उस पर नियंत्रण पाने और लोगों को राहत दिलाने का प्रबंध करती है। आज प्रत्येक देश में ऐसी व्यवस्था है। भारत में भी इस प्रकार की व्यवस्था हैं।

(ख) समाचार पत्र

मनुष्य स्वभाव से जिज्ञासु है। वह अपने आस-पास और देश- विदेश की घटनाओं से अवगत होना चाहता है। इसी उद्देश्य की पूर्ति करता है- 'समाचार पत्र'! समाचार पत्र आज के जीवन में अनिवार्य हो गया है। समाचार पत्र में खेल संसार, राजनीति फिल्मी दुनिया, कहानियाँ, कार्टून आदि अनेक चीजें होती हैं। ये हमारी ज्ञान वृद्धि करती हैं और साथ ही मनोरंजन भी। समाचार पत्र से नई-नई बातों की जानकारी मिलती है। ये

जनता और सरकार के बीच कड़ी का काम करते हैं। ये लोकतंत्र के सजग प्रहरी की भूमिका निभाते हैं। इनके द्वारा जनता अपने विचार सरकार तक पहुँचा सकती है, और सरकार अपनी योजनाओं की जानकारी जनता तक। समाचार पत्रों में तरह-तरह के विज्ञापन छपते हैं। जिनसे व्यापारियों को बहुत लाभ होता है। इनमें नौकरी और वैवाहिक विज्ञापन भी छपते हैं। इस प्रकार समाचार पत्र संसार के दर्पण कहे जा सकते हैं।

(ग) विद्यार्थी और अनुशासन

विद्यार्थी शब्द विद्या और अर्थी दो शब्दों से बना हैं। विद्यार्थी - विद्या+अर्थी अर्थात विदया को चाहने वाला। विद्यार्थी जीवन में शिक्षा के साथ-साथ अनुशासन का बहुत महत्व हैं। लेकिन वर्तमान स्थिति इसके विपरीत है। छात्रों में अनुशासनहीनता बढ़ती जा रही है। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई का मूल्यवान समय नष्ट करके हड़ताल और तोड़ फोड़ करते हैं। वे विद्या प्राप्ति के लक्ष्य से भ्रष्ट होकर अपने कर्तव्य का पालन नहीं करते। इसका मुख्य कारण है आजकल का वातावरण। प्राचीन काल में विद्यार्थी माता-पिता व गुरू का आदर करते थे। आजकल वे अपनी शक्ति का दुरुपयोग करते हैं और अपने भविष्य को नष्ट करते हैं। विद्यार्थी का मुख्य लक्ष्य अध्ययन करके अपने भविष्य का निर्माण करना है। परंतु पश्चिम सभ्यता के प्रभाव और फैशन के कारण विद्यार्थी अनुशासनहीन हो गए हैं। इसलिए शिक्षकों और अभिभावकों को विद्यार्थी में अच्छे संस्कार पल्लवित करने का प्रयास करना चाहिए इसमें सबसे बड़ी भूमिका माता-पिता ही निभा सकते हैं घर में अनुशासन बनाए रखें।

पाठ 25 संवाद लेखन

(1) (क) दो या दो से अधिक लोगों का आपस में बातचीत करना संवाद कहलाता है।

(ख) दो लोगों की बातचीत को जब हम यथावत लिखकर दूसरों के सामने प्रस्तुत करते हैं तो उसे संवाद लेखन कहते हैं।

संवाद लेखन में नीचे लिखी बातों का ध्यान रखना चाहिए-

- संवाद छोटे और रोचक होने चाहिए।
- संवाद सरल भाषा में होने चाहिए।
- संवाद विषयानुकूल होना चाहिए।
- संवाद में यथास्थान मुहावरे तथा लोकोक्तियों का प्रयोग भी करना चाहिए।

(2) शर्मा जी- नमस्ते वर्मा जी! कैसे हैं?

वर्मा जी- नमस्ते, मैं ठीक हूँ। अपना हाल सुनाइये।

शर्मा जी- मैं भी ठीक हूँ। बाज़ार से सामान लेने आया हूँ।

वर्मा जी- मै भी इसीलिए आया हूँ। हर चीज़ की कीमत बहुत बढ़ गई है।

शर्मा जी- मँहगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है।

वर्मा जी- हाँ शर्मा जी, अमीर आदमी तो महँगाई की मार सह लेता है परंतु गरीब व्यक्ति इससे बिल्कुल दब जाता है।

शर्मा जी- लगता है मोदी सरकार महँगाई कम करने का कुछ प्रयास करेगी।

वर्मा जी- आपने बिल्कुल ठीक कहा शर्मा जी। आज सारी जनता यही आशा लिए बैठी है।

(3) पिता - बेटा, आज क्रिकेट मैच कैसा चल रहा है?

पुत्र - पिता जी, भारत पाकिस्तान से आगे है।

पिता - इस समय भारत का स्कोर क्या है?

पुत्र - इस समय भारत का स्कोर 357 है। उसके पाँच विकेट गिर गए हैं।

पिता - किस खिलाड़ी का प्रदर्शन अच्छा रहा?

पुत्र - आज विराट कोहली ने शतक बनाया।

पिता - इससे लगता है भारत के जीतने की आशा है।

पुत्र - जी, पिता जी! आशा है इस मैच को हम जीतेंगे।

(4) रोगी – नमस्ते डॉक्टर साहब।
डॉक्टर – हाँ! बताओ क्या बीमारी है?
रोगी – डॉक्टर साहब, मुझे अपच की शिकायत है। खाने के बाद पेट में भारीपन रहता है।
डॉक्टर – ठीक है, मैं दवा लिख रहा हूँ। उसे समय से लेना लेकिन परहेज जरूरी है।
रोगी – ठीक है डॉक्टर साहब।
डॉक्टर – तुम्हें तली भुनी चीजें अधिक नहीं खानी। हल्का सुपाच्य खाना खाना है।
रोगी – जी डॉक्टर साहब।

(5) अध्यापक:– आजकल की परीक्षा प्रणाली के विषय में तुम्हारे क्या विचार हैं?
छात्र – जी, आजकल की परीक्षा प्रणाली पुराने समय से कुछ बेहतर है परंतु अभी भी छात्र रटने पर जोर देते हैं।
अध्यापक – रटने के स्थान पर विषय को समझने से कठिन विषय भी सरल लगता है।
छात्र – सर वह ठीक है। लेकिन ऐसे बहुत छात्र हैं जो विषय को समझने के स्थान पर रटने की कोशिश करते हैं।
अध्यापक – तुम लोग परीक्षा प्रणाली में क्या सुधार चाहते हो?
छात्र – जी, सबसे पहले तो पाठ्यक्रम बहुत विस्तृत नहीं होना चाहिए। यह इतना हो जिसको छात्र अच्छी तरह समझ व पढ़ सके। उनकी बुद्धि पर अनावश्यक बोझ न पड़े।
अध्यापक – ठीक है।
छात्र – जी, पुस्तकों में कठिन विषयों को इस रूप में लिंखा जाए कि छात्रों का मन लगे। भाषा बिल्कुल सरल हो।
अध्यापक – तुम लोगो के सुझाव अच्छे हैं। आशा है धीरे–धीरे परीक्षा प्रणाली में और सुधार होंगे।

(6) गीता – अरे राधिका! बहुत दिन बाद मिली।
राधिका – हाँ, दीपावली आने वाली है, उसी की तैयारी कर रही थी।
गीता – हाँ, मैं भी आजकल दीपावली के लिए खरीदारी कर रही हूँ।
राधिका – दीपावली के महत्व के विषय में तुम्हारे क्या विचार हैं?
गीता – दीपावली हिंदुओ का सबसे प्रिय त्योहार है। यह श्रीराम के 14 वर्ष के वनवास के बाद अयोध्या वापस आने के कारण मनाया जाता है।
राधिका – हाँ। इस दिन लोगों ने दीए जलाकर अपनी खुशी जताई थी।
गीता – हाँ, और ऐसा मानते हैं कि इस दिन घर लक्ष्मी आती हैं।
राधिका – बिल्कुल ठीक! इसलिए लोग घर को साफ–सुथरा करके सजाते हैं।
गीता – हाँ, साफ घर में लक्ष्मी का वास होता है।
राधिका – अच्छा चलूँ मैं भी घर की अच्छी तरह सफाई कर लूँ।
गीता – ठीक है, फिर मिलेंगे दीपावली के दिन।

पाठ 26 निबंध लेखन

(1) (क) **हमारी राष्ट्रभाषा हिंदी** – प्रत्येक स्वाधीन देश के कुछ राष्ट्रीय प्रतीक होते हैं जैसे– उसका संविधान, राष्ट्रीय ध्वज, राष्ट्रगान, राष्ट्रभाषा आदि। इन प्रतीकों का देश के निवासी सम्मान करते हैं। इन्हीं से उस देश की पहचान होती हैं।

भारत की राष्ट्रभाषा हिंदी है। भारत में 14 सितंबर 1949 को हिंदी को 'राष्ट्रभाषा' के रूप में स्वीकृति मिली। राष्ट्रभाषा का अर्थ है वह भाषा जिसका प्रयोग किसी राष्ट्र के अधिकांश लोग करते हैं। भारतीय संविधान में 22 भाषाओं को मान्यता दी गई हैं। परंतु हिंदी को राष्ट्रभाषा का गौरव प्राप्त है। भारत के एक कोने से दूसरे कोने तक हिंदी समझी और बोली जाती है। यह विश्व में

सबसे अधिक बोली जाने वाली तीसरी भाषा है। भारत के अधिकांश लोग इसी के माध्यम से अपने समस्त कार्य करते हैं। भारत के अधिक से अधिक राज्यों में हिंदी को राजभाषा के रूप में, पंजाब, गुजरात, तथा महाराष्ट्र में द्वितीय भाषा के रूप में और शेष राज्यों में संपर्क भाषा के रूप में प्रयोग किया जा रहा हैं। हिंदी का साहित्य अत्यंत समृद्ध है। इसे सीखना भी अत्यंत सरल है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी अनेक देशों में इसके पठन-पाठन की सुविधा उपलब्ध हैं। फिर भी आज स्वतंत्र भारत में अंग्रेजी का बोल बाला है, जो हमारी मानसिक दासता का प्रतीक है।

(ख) **भ्रष्टाचार**- "भ्रष्टाचार" दो शब्दों के मेल से बना है भ्रष्ट + आचार। जब कोई व्यक्ति अपने निजी स्वार्थ या इर्ष्या के कारण कोई अनुचित कार्य करता है, तो उसे भ्रष्टाचार कहा जाता है। आज के आधुनिक युग में व्यक्ति का जीवन स्वार्थ तक सीमित होकर रह गया है। प्रत्येक कार्य के पीछे स्वार्थ प्रमुख हो गया हैं। आज हमारे देश में चारों ओर भ्रष्टाचार का बोलबाला है जिसके कारण अनेक बुराईयाँ पनप रही हैं। इससे समाज का नैतिक पतन हो रहा हैं। आज व्यक्ति अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अधिक से अधिक धन प्राप्त करना चाहता है।

वह ऐशो-आराम का जीवन बिताना चाहता हैं। अपनी इस इच्छा को पूरा करने के लिए वह आमदनी के भ्रष्ट तरीके अपनाता हैं। गरीबी, बेरोजगारी और महँगाई भी भ्रष्टाचार के अन्य कारण हैं। आज रिश्वत लेना, मिलावट करना, चोर बाज़ारी, काला बाज़ारी, भाई-भतीजावाद सभी क्षेत्रों में देखी जा सकती हैं। भ्रष्टाचार के कारण नैतिक मूल्यों का पतन हो रहा हैं। भारतीय समाज पतन के गर्त में गिर रहा है। हमें समाज में फन फैला रहे भ्रष्टाचार रूपी विकराल नाग को मारना होगा। सबसे पहले आवश्यक हैं प्रत्येक व्यक्ति के मनोबल को ऊँचा उठाना। अत: आवश्यकता इस बात की हैं कि शिक्षक देश की भावी पीढ़ी को एक ईमानदार नागरिक के रूप में तैयार करें। न्यायिक व्यवस्था को कठोर करना होगा। सामान्यजन को आवश्यक सुविधाएँ भी सुलभ कराना होगा। इसी आधार पर आगे बढ़ना होगा ताकि भ्रष्टाचार की काली छाया का विनाश कर सकें।

(ग) **मेरी प्रिय पुस्तक**- मुझे पढ़ने का बहुत शौक है। मैंने अनेक पुस्तकें पढ़ी हैं परंतु मेरी प्रिय पुस्तक भगवत् गीता हैं। इसे महर्षि वेदव्यास ने लिखा हैं। यद्यपि रामायण और महाभारत पुस्तकें भी मेंरी प्रिय हैं तथापि भगवत् गीता ने मुझे सर्वाधिक प्रभावित किया हैं। जब महाभारत के युद्ध में अर्जुन ने अपने परिजन कौरवों से युद्ध करने से मना कर दिया तब श्री कृष्ण ने उसे उपदेश दिया- अर्जुन तुम अपना कर्तव्य करो। आत्मा अमर है, यह कभी नहीं मरती। अपना कर्तव्य करने से आत्मा का यश बढ़ता हैं। यह सुनकर अर्जुन ने अपने हथियार उठा लिए। उसने कौरव सेना से युद्ध किया और पांडव विजयी रहे। गीता में कर्म करने पर बल दिया गया हैं। 'कर्मग्येव अधिकारस्ते मा कलेशु कदाचन' अथार्त् कर्म करने का ही हमारा कर्तव्य है, फल की इच्छा करना नहीं हमें सद्मार्ग पर चलना चाहिए। बुरी सोच और बुरी भावनाओ को त्यागकर हमें योगी के समान जीवन बिताना चाहिए। भगवत् गीता केवल एक धर्म के लिए नही है अपितु यह संपूर्ण मानव जाति का उद्धार करने वाली पुस्तक हैं। इसमे कहा गया है कि हमारा लक्ष्य हैं- परमात्मा की प्राप्ति। इसलिए हमें बुराइयों को छोड़कर अच्छे और सच्चे मार्ग पर चलना चाहिए।

(घ) पिछले ग्रीष्मवकाश में मैनें जलंधार से शिमला की रेल यात्रा की। मेरे माता-पिता मेरे साथ थे। मेरे बड़े भाई ने हमें शिमला घूमने के लिए बुलाया था। मैं शिमला के मनमोहक दृश्यों को देखना चाहता था। हमने अपना सामान बाँधा और रेलवे स्टेशन पहुँच गए। प्लेटफार्म पर बहुत भीड़ थी। सब लोग रेलगाड़ी के आने की प्रतीक्षा कर रहे थे। कुछ लोग खड़े थे, कुछ बैंचो पर बैठे थे। वहाँ पत्रिकाएँ समाचार-पत्र और खाने-पीने की वस्तुएँ बिक रही थीं। गाड़ी के आते ही हम अपने कंपार्टमेंट में पहुँच गए। मुझे खिड़की के पास एक आरामदायक सीट मिल गई। गाड़ी में कई राज्य से आए लोग थे। सभी धर्मों और जातियों के लोग एक साथ सफर कर रहे थे।

कुछ लोग बोलने में बहुत नम्र थे परंतु कुछ उग्र स्वभाव के थे। गाड़ी समय पर चल पड़ी। मैं खिड़की से बाहर झाँकने लगा। बाहर हरे भरे खेत बहुत सुंदर लग रहे थे। गाड़ी पहले लुधियाना फिर अंबाला पहुँची वहाँ हमने रात का खाना खाया। हम कालका स्टेशन से होते हुए शिमला पहुँच गए। वहाँ पहाड़ों के दृश्य बहुत मनोहर थे। मेरा भाई हमें स्टेशन पर लेने आया हुआ था। हम लोग शिमला में एक सप्ताह रहे और फिर वापस चले आए।

(ङ) **राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी**– महात्मा गाँधी को भारत का राष्ट्रपिता कहा जाता है। उनका जन्म 2अक्टूबर 1869 को गुजरात के पोरबंदर नामक स्थान में हुआ था। उनका पूरा नाम मोहनदास कर्मचंद गाँधी था। गाँधी जी स्कूल की शिक्षा समाप्त करके कानून की पढ़ाई करने के लिए लंदन चले गए। वह एक अच्छे वकील बनना चाहते थे। वकालत पढ़कर गाँधी जी भारत आ गए। उन्हें वकालत के सिलसिले में दक्षिण अफ्रीका जाना पड़ा। वहाँ काले गोरे के भेद भाव में वह बहुत दुखी हुए। उन्होनें वकालत छोड़ दी और भारत की स्वतंत्रता के लिए कार्य करने लगे। वह भारत को अंग्रेजों की दासता से मुक्त कराना चाहते थे। गाँधी जी ने 1919 में असहयोग आंदोलन चलाया। वह कई बार जेल भी गए। 1942 में उन्होने भारत छोड़ो आंदोलन चलाया। गाँधी जी के अथक प्रयासों से भारत को 1947 में स्वतंत्रता मिल गई। महात्मा गाँधी सादगी प्रिय व्यक्ति थे। उन्होंने सत्य और अहिंसा पर बल दिया। वह हिंदु–मुस्लिम एकता चाहते थे। वह खादी के वस्त्र पहनने के पक्ष में थे। 30 जनवरी 1948 को नाथूराम गोडसे ने गाँधी जी को गोली मार दी। अहिंसा का पुजारी स्वयं हिंसा का शिकार हो गया। सारे संसार में उनकी मृत्यु का शोक मनाया गया। गाँधी जी आज हमारे बीच नही है। लेकिन उनके बताए हुए आदर्शों पर चलना हमारा कर्तव्य हैं।

(ङ) **भारत की ऋतुएँ**– भारत में पूरे वर्ष में छः ऋतुएँ आती हैं– ग्रीष्म, वर्षा, शरद, शिशिर, हेमंत और वसंत। इन सब ऋतुओं का अपना महत्व हैं परंतु इनमें चार ऋतुएँ मुख्य हैं। ग्रीष्म ऋतु अप्रैल से अक्तूबर तक चलती है। जून का महीना सबसे गरम होता है। इस ऋतु में लू चलती है। मनुष्य और जीव जंतु गरमी से बेहाल हो जाते हैं। लोग पंखे और वातानुकूलित कमरों में बैठते हैं। वे शीतल पेयों का सेवन करके गरमी से राहत पाते हैं। धरती की तपन को शांत करने वर्षा ऋतु आती है। वर्षा न होने से फसलें नष्ट हो जाती हैं। अधिक वर्षा होने पर बाढ़ आने का भय रहता है। वर्षा की फुहारे बच्चों और युवा वर्ग को बहुत भाती हैं। शरद ऋतु नवंबर से फरवरी तक रहती है। इसमें शरद हवाएँ चलती हैं। जनवरी का महीना सबसे ठंडा होता हैं। लोग घरों में रजाइयों और कंबलों में दुबके रहते हैं। वें गरम कपड़े पहनकर और गरम खाना और गरम पेय पीकर सरदी से राहत पाते हैं। वसंत ऋतु को ऋतुराज कहते हैं सरदी समाप्त होते ही 15 फरवरी से इस ऋतु का आगमन होने लगता हैं। यह 15 अप्रैल तक चलती है। इस ऋतु में मौसम बहुत सुहावना होता है। यह सब ऋतुएँ श्रेष्ठ हैं।

(2) (क) **दिल्ली मैट्रो**– जनसंख्या की तीव्र गति से वृद्धि के कारण अनेक प्रकार की समस्याओं ने जन्म लिया है जिनमें परिवहन व्यवस्था की समस्या भी एक है। महानगरों में सड़कों पर दौड़ते वाहनों के कारण वातावरण अत्यंत प्रदूषित हो जाता हैं। लोगो को साँस लेने के लिए शुद्ध वायु नहीं मिल पाती हैं और अनेक प्रकार के रोग फैलते हैं। इस समस्या के समाधान के लिए मेट्रो रेल का आरंभ करना आवश्क हो गया। सर्वप्रथम कोलकाता में मेट्रो रेल सेवा प्रारंभ की गई थी। अब दिल्ली में भी इसका आरंभ हो गया है। 24 दिसंबर 2002 को भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने इस सेवा का शुभारंभ किया। आज दिल्ली में शहादरा, केंद्रीय सचिवालय, कनाट प्लेस, नोएडा, गुरुग्राम आदि तक के लिए मेट्रो सेवाएँ उपलब्ध हैं। मैट्रो रेल पूरी तरह वातानुकुलित तथा स्वचालित हैं। कुछ भाग तो भूमिगत हैं। इस रेल सेवा से प्रदूषण पर बहुत अंकुश लगा हैं। सड़कों पर भीड़ भाड़ भी कम हो गई है। इससे दिल्ली में एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुँचने में समय

की बचत होती है। मेट्रो रेल दिल्ली की शान है। इसे देखकर हमारे देश की प्रगति का नमूना मिल जाता हैं। महानगर के जीवन के लिए मैट्रो रेल बहुत सुविधाजनक तथा उपयोगी है। आजकल इसमें स्मार्ट कार्ड की भी व्यवस्था हैं। दैनिक यात्रा कर सकते हैं। निकट भविष्य में मेट्रो रेल का आंरभ और मार्गो पर करने की योजना हैं।

(ख) **पहला सुख नीरोगी काया**- विद्वानों का कहना हैं कि हमें सर्वप्रथम शरीर की सुरक्षा करनी चाहिए। यदि शरीर स्वस्थ नहीं होगा तो मनुष्य कोई भी शारीरिक या मानसिक कार्य नहीं कर सकता। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए व्यायाम आवश्यक है। व्यायाम अनेक प्रकार के होते है। प्रात: काल जल्दी उठकर घूमने से हमारे शरीर में नए रक्त का संचार होता है। जो लोग किन्ही कारणों से प्रात: घूमने नहीं जा सकते हैं। आजकल दूरदर्शन पर भी कसरतों और योग की शिक्षा दी जाती हैं। लोग इन्हें देखकर भी अभ्यास कर सकते है। तरह-तरह के खेल भी व्यायाम के ही अंतर्गत आ जाते हैं खेल मनोरंजन का भी सशक्त साधन हैं। प्रतिदिन स्नान करना भी अति आवश्यक है। स्वच्छ ठंडे पानी से रगड़कर शरीर को साफ करने से शरीर की त्वचा के छिद्र खुल जाते हैं। व्यायाम की तरह शरीर को स्वस्थ रखने के लिए संतुलित और पौष्टिक भोजन भी आवश्यक है। भोजन समय पर करना चाहिए। खाने में सभी आवश्यक तत्व होने चाहिए। बढ़ते बच्चों के लिए प्रोटीन अनिवार्य हैं। खाने में अधिक तली भूनी चीज़ें नहीं खानी चाहिए। ये मोटापा और बीमारियों को आमंत्रण देती हैं। हमें दिनभर में 8-10 गिलास पानी अवश्य पीना चाहिए। इससे शरीर की सफाई होती रहती है और अनावश्यक पदार्थ बाहर निकलते रहते हैं। शरीर स्वस्थ नहीं होगा तो मनुष्य कोई भी कार्य ढंग से नहीं कर पाएगा। जो अपने शरीर की उपेक्षा करता है, वह अपने लिए बुढ़ापे और मृत्यु के द्वार खोलता है। आज के समाज में जो भयानक रोग दिखाई देते हैं उनका मुख्य कारण व्यक्ति का अपने स्वास्थ के प्रति ध्यान न देना हैं। शरीर स्वस्थ रहेगा तो मन भी प्रसन्न रहेगा। हम हर काम आनंद व स्फूर्ति से कर सकेंगे। स्वास्थ्य शरीर के लिए हमें अपनी दिनचर्या को नियमित करना चाहिए। हर काम समय पर करना चाहिए। सुबह जल्दी उठना, समय पर भोजन और व्यायाम करना, समय पर सोना आवश्यक हैं। नियमित जीवन पौष्टिक भोजन और व्यायाम स्वास्थ्य के लिए रामबाण औषधि हैं।

(ग) **इक्कीसंवी सदी का भारत**- भारत का इतिहास बहुत प्राचीन है। इसकी संस्कृति बहुत पुरानी है। हमें भारत के साहित्य पर गर्व है। इसके प्राचीन ग्रंथ वेद, पुराण, उपनिषेद, भगवत् गीता, रामायण, आदि हैं। इन पुस्तकों का बहुत महत्व हैं। भारत में अनेक संत, महात्मा और महापुरुष हुए हैं जिन्होंने प्रेम और शांति का पाठ पढ़ाया। हमारा भारत प्राचीन काल में सोने की चिड़िया कहलाता था। यहाँ नदियों, वन, झीलें, पर्वत और खेतों के रूप में प्राकृतिक संपदा विद्यमान है। यहाँ लकड़ी, फल, खनिज़ और जड़ी बूटियाँ बहुतायत में हैं। अंग्रेज़ों ने भारत पर कई वर्षो तक राज किया। उन्होंने हमारी प्राकृतिक संपदाओं से लाभ उठाया। भारत से कच्चा माल ले जाकर वे ब्रिटेन में सामान बनाते थे। फिर उस सामान को भारत में बेचकर धन कमाते थे। इस प्रकार अंग्रेजों ने भारत को बहुत लूटा। 15 अगस्त 1947 को भारत स्वतंत्र हुआ। यहाँ नया संविधान बना और प्रजातंत्र की स्थापना की गई देश के विकास के लिए पंचवर्षीय योजनाएँ बनाई गई। गरीबी दूर करने और लोगों का जीवन स्तर ऊपर उठाने का प्रयत्न किया गया। इसके फलस्वरूप भारत में सामाजिक और आर्थिक प्रगति हुई। आज भारत इक्कीसवीं सदी में हैं। जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में प्रगति हो रही है। खेतीबाड़ी में नई तकनीक ने बहुत सुधार किए हैं। नई फैक्ट्रियाँ और मिले खुल गई हैं। देश का औद्योगिक विकास हो रहा हैं। परमाणु शक्ति के सदुपयोग के लिए खोज़ हो रही हैं। आर्यभट्ट सैटेलाइट भारत की विशेष उपलब्धि हैं। किसानों और प्रौढ़ शिक्षा पर बल दिया जा रहा हैं। शिक्षा प्रणाली में सुधार हो रहा है। ताकि युवावर्ग को आसानी से रोजगार मिल सके। चिकित्सा के क्षेत्र में भी नए-नए

प्रयोग हो रहे हैं। नारी प्रत्येक क्षेत्र में पुरुष के कंधों से कंधा मिला कर चल रही है। विज्ञान ने अनेक सुख सुविधाएँ दी हैं जिससे जीवन सुगम हो गया है। इतना ही नहीं निकट भविष्य में विकास की बहुत आशाएँ हैं। वह दिन दूर नहीं जब भारत प्रगति पथ पर आगे बढ़ता हुआ पूरे संसार में शिखर पर होगा।

पाठ 27 डायरी लेखन

(1) 18 मार्च, 20.....

आज मैं और मेरा मित्र राहुल चिड़ियाघर घूमने गए। वहाँ हमने रंग बिरंगे पक्षी देखे। वहाँ कुछ ऐसे पक्षी भी देखे जो अब तक हमने नहीं देखे थे। उनके सुंदर और रंगीन पंख आकर्षक थे। वहाँ हमने बंदर देखे जो हमारी नकल कर रहे थे। लोग उन्हें भूजे चने, मूँगफली, व केले खाने को दे रहे थे। आगे हमने पिंजरे में शेर देखा जो माँस खा रहा था। हमने लोमडी, ऊँट, गधे, गैंड़े, आदि, भी देखे। तालाब में सुंदर मछलियों को देखकर हम हैरान रह गए। पशु-पक्षियों की दुनिया में खोकर हमारा दिन कैसे बीत गया पता ही न चला।

(2) 19 मार्च, 20.....

कल मैं और कुछ दोस्त आगरा गए। वहाँ हमने ताजमहल देखा। ताजमहल की सुंदरता देखकर हम आश्चर्य चकित रह गए। संगमरमर से बने ताजमहल को प्राकृतिक सौंदर्य और निखार रहा था। अंदर हमने शाहजहाँ और उनकी बेगम मुमताज महल की कब्रें देखी। आस पास की दीवारें रंगीन काँच के टुकड़ों से सजी थीं। उस दिन चाँदनी रात थी इसलिए ताजमहल के सौंदर्य में चार चाँद लगे थे। ताजमहल कला का सुंदर नमूना है। ताजमहल के अदभुत सौंदर्य की छाप मन में लिए हम वापस आ गए।

(3) 19 मार्च, 20.....

दिल्ली की शान निराली है। यहाँ स्कूल, कॉलेज, सिनेमा हॉल, मंदिर, कोर्ट आदि की बड़ी-बड़ी इमारतें हैं। चाँदनी चौक, करोल बाग, कनॉट प्लेस, सरोजनी नगर आदि बाज़ार लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र है। टेस्ट मैचों के होने पर दर्शकों की भारी भीड़ होती है। यहाँ यातायात के हर प्रकार के साधन उपलब्ध हैं जिनमें मेट्रो रेल भी उपलब्ध हैं। सड़कों पर सारा दिन बसों, कारों, और स्कूटरों का आवागमन रहता हैं। इस कारण शहर में प्रदूषण अधिक है। रहने के लिए बड़ी-बड़ी कालोनियाँ हैं। यहाँ हर प्रकार की सुख सुविधाएँ होते हुए भी आम आदमी तनाव से ग्रस्त हैं।

(4) 19 मार्च, 20.....

आज अभिनव का जन्मदिन था। हमारी सारी मित्र मंडली उसके घर पर एकत्र हुई। पार्टी शाम 7 बजे से आंरभ हुई। हमने खूब मौज मस्ती की। खाने पीने और नृत्य का कार्यक्रम रात 10 बजे तक चलता रहा। अभिनव ने केक काटा। उसके कुछ निकट संबंधी भी आए हुए थे। अभिनव के मम्मी-पापा ने उसे मोबाइल फोन उपहार के रूप में दिया। हम सब मित्रों ने भी उसे अपनी शुभकामनाएँ और उपहार दिए।

पाठ. 28 और 29 छात्र स्वयं करें।

प्रश्न पत्र 1

(1) (क) ✓ (ख) ✓ (ग) ✗ (घ) ✓

(2) परम + आलय हिम + आलय बाग + ईश

(3) मोर नाक कविता नाच मक्खी भौंरा

(4) चठाई, पढ़ाई, लड़ाई
बनाया, खिलाया, पकाया
घबराहट, चिल्लाहट, मुस्कुराहट

(5) (क) आपबीती – तत्पुरुष
(ख) सत्याग्रह – तत्पुरुष

(ग) ब्रिफला – द्विगु
(घ) चंद्रमुखी – कर्मधारय
(ङ) लाभ–हानि – द्वंद्व

(6) अधिकय अपनापन अहंकार कमाई नारीत्व हँसी

(7) रानी गाय दादा नर मूर्ख श्रीमती

(8) प्राण, हस्ताक्षर, आँसू, दर्शन

(9) (क) कर्ता (ख) संबंध (ग) करण (घ) संप्रदान

(10) किसी, व्यक्ति, वस्तु, स्थान, प्राणी, या भाव के नाम को संज्ञा कहते हैं।

(11) पुरुषवचाक सर्वनाम – मैं, तुम, आदि। निश्चयवचाक सर्वनाम – ये, वे
अनिश्चयवाचाक सर्वनाम – कोई, कुथ सबंधंवाचक सर्वनाम – जो–वह, जैसा–वैसा
प्रश्नवाचक सर्वनाम – कौन, क्या निश्चयवचाक सर्वनाम – खुद, स्वयं

(12) दो या दो से अधिक शब्दों के मेल से एक नए शब्द की रचना, समास कहलाता है।

(13) जो शब्दांश किसी शब्द के आगे जुड़कर उसके अर्थ में परिवर्तन या विशेषण उत्पन्न कर देते हैं, उन्हें उपसर्ग कहते हैं।

(14) संज्ञा अथवा सर्वनाम के जिस रूप से वाक्य के किसी दूसरे शब्द के साथ उसका संबंध जाना जाए, उसे कारक कहते है।

प्रश्न पत्र 2

(1)

विशेषण	**विशेष्य**
बनारसी	साड़ी
तीसरा	घर
दो किलो	आम
थोड़ी	दाल

(2) (क) अकर्मक (ख) सकर्मक (ग) अकर्मक (घ) अकर्मक

(3) (क) वर्तमान (ख) भविष्यत् काल (ग) भूतकाल (घ) भविष्यत् काल

(4) (क) धीरे–धीरे (ख) अवश्य (ग) अचानक (घ) दिनभर

(5) (क) भर (ख) भी (ग) तो ही (घ) ही (ङ) तो

(6) भागीरथी, जाह्नवी, सुरसरिता
चाँद, चंद्र, शशांक घरा, वसुधा, माही समुद्र, सिंधु, रत्नाकर

(7) 72–सी, रामनगर
दिल्ली,
प्रिय रमन
नमस्कार
मै यहाँ पर सकुशल हूँ और ईश्वर से तुम्हारी कुशलता की प्रार्थना करता हूँ। मित्र मैं जानता हूँ कि इस महीने अगस्त की 25 तारीख को तुम्हारा जन्मदिन है। तुम विदेश में रहते हो इसलिए तुम्हारे जन्मदिन की पार्टी में शामिल होना तो संभव नहीं है। मैं पत्र द्वारा ही तुम्हें बधाई दे रहा हूँ। ईश्वर तुम्हें लंबी उम्र दें।
चाचा–चाची को चरण–स्पर्श कहना।
तुम्हारा मित्र
विश्वास त्यागी

(8) परिश्रम के बिना सफलत नहीं
परिश्रम आदमी के भीतर का वह अनूठा गुण है जो उसे जीवन में सफलता तथा सुख प्रदान करता है। परिश्रम के बिना भाग्य काम नहीं करता, क्योंकि भाग्य परिश्रम से ही बनता है। जब व्यक्ति परिश्रम करके पसीना बहाता है, तब भाग्य सौभाग्य बन जाता है तथा जीवन में अच्छे दिन अपने आप चले आते हैं। भाग्य के भरोसे बैठकर बिना परिश्रम के सफलता की प्रतीक्षा करने वाले लोग अक्सर पश्चाताप करते ही दिखाई देते हैं। इसलिए यह कहना बिल्कुल उचित है कि परिश्रम के बिना सफलता कभी नहीं मिलती।